# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6.9.26 | 5 | 1-5 |

# हकृवि छात्रों को आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी देगी फीस में छूट और फेलोशिप

## कुलपति से प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक ने की मुलाकात

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा और अनुसंधान के नए रास्ते खुलने जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी डब्ल्यूएसयू भारत के ग्रेटर नोएडा में अपना नया कैंपस शुरू करने जा रही है। इस कैंपस में हकृवि के छात्रों को फीस में विशेष छूट और फेलोशिप की सुविधा दी जाएगी। इस सिलसिले में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की ग्लोबल पार्टनरशिप्स एंड ट्रांसनेशनल एजुकेशन की प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक ने हकृवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज से मुलाकात की। इस दौरान दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक तथा डॉ. सरोज यादव, डॉ. दर्शना, डॉ. नवीन कौशिक व डॉ. मंजूनाथ सहित कई शिक्षक व अधिकारी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

**ग्रेटर नोएडा कैंपस में शुरू होंगे ये कोर्स**

डॉ. निकोलीन मरडोक ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित प्रस्तावित कैंपस में मुख्य रूप से एमबीए तथा मास्टर ऑफ साइंस सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट कार्यक्रम शुरू किए जाने की योजना है। उन्होंने हकृवि के छात्रों के लिए फीस में छूट और फेलोशिप देने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, हकृवि के इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री, मास्टर व पीएचडी कर रहे हकृवि के विद्यार्थियों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की।

**वैश्विक जरूरतों के अनुरूप तैयार होंगे छात्र : वीसी**

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि हकृवि की कृषि अनुसंधान विरासत और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के वैश्विक संसाधनों का तालमेल छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करेगा। बाजार आधारित, नवाचारपरक और जलवायु-अनुकूल खेती के कौशल सिखाने में यह साझेदारी अहम साबित होगी। उन्होंने फैकल्टी व छात्र आदान-प्रदान और संयुक्त अनुसंधान को गति देने पर जोर दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 6-9-26 | 9 | 1-2 |

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी देगी फीस में छूट व फेलोशिप

# हकृवि के विद्यार्थियों को मिलेंगे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के नए अवसर

■ दोनों विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर खुलने जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी द्वारा भारत के ग्रेटर नोएडा में अपना कैंपस शुरू किया जा रहा है। इसी सिलसिले में विश्वविद्यालय की ग्लोबल पार्टनरशिप्स एंड ट्रांसनेशनल एजुकेशन की प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक ने हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की। इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को और मजबूत करने सहित विद्यार्थियों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई।

## ग्रेटर नोएडा स्थित प्रस्तावित कैंपस में एमबीए, एमएससी शुरू करने की योजना

डॉ. निकोलीन मरडोक ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित प्रस्तावित कैंपस में मुख्य रूप से एमबीए तथा मास्टर ऑफ साइंस (सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट) जैसे कार्यक्रम शुरू किए जाने की योजना है। उन्होंने हकृवि विद्यार्थियों के लिए फीस में छूट और फेलोशिप के अवसर उपलब्ध कराने के प्रति वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हकृवि में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक संसाधनों की सराहना की। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हकृवि की समृद्ध कृषि अनुसंधान विरासत और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के वैश्विक शैक्षणिक एवं अनुसंधान संसाधनों के बीच बेहतर तालमेल से विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि हकृवि और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच साझेदारी विद्यार्थियों के लिए लगातार नए और उपयोगी अवसर सृजित कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं शिक्षक सहित डॉ. सरोज यादव, डॉ. दर्शना, डॉ. नवीन कौशिक और डॉ. मंजूनाथ उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 6.9.26 | 3 | 1-3 |

पहल

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में शुरू करेगी परिसर

## विदेश में पढ़ाई के साथ फैलोशिप के अवसर

माई सिटी रिपोर्टर



डॉ. निकोलीन मरडोक को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. बलदेव राज। स्रोत : विवि

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा और अनुसंधान के अधिक अवसर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी भारत के ग्रेटर नोएडा में अपना परिसर शुरू कर रही है।

विश्वविद्यालय की उपकुलपति डॉ. निकोलीन मरडोक ने एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज से मुलाकात कर शैक्षणिक सहयोग पर चर्चा की। डॉ. निकोलीन मरडोक ने बताया कि ग्रेटर नोएडा परिसर में एमबीए और मास्टर ऑफ साइंस (सतत जल प्रबंधन) कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने एचएयू के विद्यार्थियों को फीस में छूट और फैलोशिप के अवसर देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

डॉ. मरडोक ने एचएयू की सुविधाओं और शैक्षणिक संसाधनों की सराहना की। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत एचएयू के विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की। कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि यह शैक्षणिक तालमेल विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की वैश्विक आवश्यकताओं के लिए तैयार करने में मदद करेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

मुलाकात के दौरान शिक्षण, अनुसंधान, संकाय और विद्यार्थी आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया गया। कुलपति प्रो. कांबोज ने मौजूदा शैक्षणिक समझौतों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया और संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियों व अनुसंधान को बढ़ावा देने की बात कही।

अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा ने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी अवसर तैयार कर रही है। इस दौरान डॉ. सरोज यादव, डॉ. दर्शना, डॉ. नवीन कौशिक व डॉ. मंजूनाथ आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 6.9.26 | 5 | 1-5 |

## विद्यार्थियों को मिलेंगे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के नए अवसर

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर खुलने जा रहे हैं। आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी द्वारा भारत के ग्रेटर नोएडा में अपना कैंपस शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ग्लोबल पार्टनरशिप्स एंड ट्रांसनेशनल एजुकेशन की प्रो-वाइस चांसलर डा. निकोलीन मरडोक ने हकृवि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज से मुलाकात के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की।




कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज प्रो-वाइस चांसलर डा. निकोलीन मरडोक को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।

डा. निकोलीन मरडोक ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित प्रस्तावित कैंपस में मुख्य रूप से एमबीए तथा मास्टर आफ साइंस (सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट) कार्यक्रम शुरू किए जाने की योजना है। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों के लिए फीस में छूट तथा फेलोशिप के अवसर उपलब्ध कराने के प्रति वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता भी दोहराई। डा. निकोलीन मरडोक ने हकृवि में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे एवं शैक्षणिक संसाधनों की सराहना की। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में मास्टर, पीएचडी एवं स्नातक स्तर के ड्यूल डिग्री कार्यक्रमों में अध्ययनरत हकृवि के विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन एवं सहभागिता की भी प्रशंसा की। डा. निकोलीन मरडोक ने विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अवसरों तथा करियर संभावनाओं की जानकारी दी।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि हकृवि की समृद्ध कृषि अनुसंधान विरासत और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के वैश्विक शैक्षणिक एवं अनुसंधान संसाधनों के बीच बेहतर तालमेल से विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी। डा. आशा कवात्रा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि हकृवि और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच साझेदारी विद्यार्थियों के लिए लगातार नए एवं उपयोगी अवसर सृजित कर रही है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 6.9.26 | 5 | 6-8 |

## हकृवि विद्यार्थियों को मिलेंगे अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के नए अवसर, वैस्टर्न सिड्नी यूनिवर्सिटी देगी फीस में छूट व फैलोशिप

### हकृवि कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज से प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक ने की मुलाकात

हिसार, 5 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर खुलने जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी द्वारा भारत के ग्रेटर नोएडा में अपना कैंपस शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ग्लोबल पार्टनरशिप्स एंड ट्रांसनेशनल एजुकेशन की प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक ने हकृवि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज से मुलाकात के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। डॉ. निकोलीन मरडोक ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित प्रस्तावित कैंपस में मुख्य रूप से एमबीए तथा मास्टर ऑफ साइंस (सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट) कार्यक्रम शुरू किए जाने की योजना है। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों के लिए फीस में छूट तथा फेलोशिप के अवसर उपलब्ध कराने के प्रति वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता भी दोहराई। डॉ. निकोलीन मरडोक ने हकृवि में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे एवं शैक्षणिक संसाधनों की सराहना की। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में मास्टर, पीएच.डी. एवं स्नातक स्तर के ड्यूल डिग्री कार्यक्रमों में अध्ययनरत हकृवि के विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन एवं सहभागिता की भी प्रशंसा की।



**कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज प्रो-वाइस चांसलर डॉ. निकोलीन मरडोक को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए**

डॉ. निकोलीन मरडोक ने विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के अवसरों तथा करियर संभावनाओं की जानकारी दी। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि हकृवि की समृद्ध कृषि अनुसंधान विरासत और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के वैश्विक शैक्षणिक एवं अनुसंधान संसाधनों के बीच बेहतर तालमेल से विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी।